दिन– शनिवार | दिनांक– 28 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। | अवधि – 05 मिनट

---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों के साथ ही राज्य के उत्तरी भागों में हो रही भारी बारिश के चलते गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती, कोसी और महानंदा समेत विभिन्न नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। ताजा जानकारी के अनुसार नेपाल से बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा गया है। पश्चिम चंपारण के वाल्मिकीनगर गंडक बराज से आज दोपहर एक बजे तक चार लाख बत्तीस हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। वहीं, सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया है कि भीमनगर कोसी बराज से आज दोपहर दो बजे तक पांच लाख इकतीस हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। बाढ़ के खतरे के मद्देनजर सुपौल, सहरसा और मधेपुरा समेत विभिन्न जिलों में कोसी तटबंध के भीतर बसे लोगों को ऊंचे स्थानों पर ले जाया जा रहा है। सुपौल के जिलाधिकारी कौशल कुमार ने कोसी तटबंध का निरीक्षण किया। उन्होंने तटबंध के भीतरी हिस्सों में स्थित विद्यालयों और आंगनबाड़ी केन्द्रों को बंद करने के निदेश दिये हैं। इधर, पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में भी बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्रों में विद्यालयों को बंद कर दिया गया है।

---

मॉनसून की अति सक्रियता के कारण पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सुपौल, किशनगंज समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–पूर्व भागों में कई स्थानों पर भारी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वाल्मिकिनगर में सबसे अधिक दो सौ तीस दशमलव छह मिलीमीटर बारिश हुयी है। वहीं, चपनटिया में दो सौ तेरह, मोतिहारी में दो सौ तीन और गौनाहा में एक सौ छियासी मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में अनेक स्थानों पर बहुत भारी बारिश की आशंका जताई है। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी संभावना है। विभाग ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

---

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि सरकार छोटे उद्यमियों और कारीगरों को हर स्तर पर सहायता उपलब्ध करा रही है। श्री सिंह ने आज पटना स्थित उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान में हस्त शिल्प निर्यात संवर्धन परिषद, ईपीसीएच के पहले कार्यालय का उद्घाटन करते हुए कहा कि शिल्प उत्पादों के लिए विदेशों में भी बड़ा बाजार उपलब्ध है।

———————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे. पी. नड्डा ने कहा है कि पार्टी का जनाधार प्रत्येक दिन बढ़ रहा है। पटना में भाजपा के विशेष सदस्यता अभियान की शुरूआत करते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के जनहित के फैसलों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने पार्टी के मंत्री, सांसद, विधायक और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर राज्य में चल रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा की। इससे पहले पटना आगमन के बाद श्री नड्डा विधानसभा के पास स्थित शहीद स्मारक गए और वीर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री नड्डा ने एक विशेष कार्यक्रम में पैरालंपिक के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ चौदहवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों से स्मार्ट मीटर को लेकर किये जा रहे दुष्प्रचार और अफवाहों से भ्रमित नहीं होने की अपील की। श्री कुमार ने कहा कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर को लेकर विपक्ष भ्रम फैला रहा है। उन्होंने अधिकारियों को मीटर को लेकर मिल रही शिकायतों का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक गंगा प्रसाद दोहरे का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कल उनके गृह नगर उत्तर प्रदेश के इटावा में किया जाएगा। उनके

निधन पर डीजीपी आलोक राज समेत अनेक गणमान्य लोगों ने शोक–संवेदना जताई है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।